जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-45 | जयपुर, सोमवार, 4 दिसम्बर, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4


# चार राज्यों के चुनाव परिणाम घोषित, जनता जनार्दन ने दिया भाजपा को जनादेश

## राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में भाजपा तो तेलंगाना में कांग्रेस को मिला बहुमत



### रिवाज कायम,राजस्थान में नहीं काम आई गहलोत की 7 गारंटियां

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान में भाजपा को 115 सीट के साथ पूर्ण बहुमत मिला है। कांग्रेस 69 सीटों पर सिमट कर रह गई। राजस्थान विधानसभा चुनाव में 30 सालों से चला आ रहा राज बदलने का रिवाज कायम रहा और कांग्रेस को सत्ता से बाहर होना पड़ा है । कांग्रेस पार्टी ने जनता के लिए 7 गारंटियों का ऐलान कर रिवाज बदलने की पूरी कोशिश की लेकिन इन गारंटियों से रिवाज तो नहीं बदला, राज जरूर बदल गया । कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने मुख्यमंत्री का चेहरा आधिकारिक रूप से घोषित नहीं किया था। चुनाव में भाजपा का चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो कांग्रेस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत थे, लेकिन कांग्रेस को विधायकों के खिलाफ एंटीइनकंबेंसी और टिकट वितरण में उनके चेहरे नहीं बदलने से सत्ता गंवानी पड़ी। बड़े नेताओं में शामिल अशोक गहलोत, वसुंधरा राजे, किरोड़ी लाल मीणा तो चुनाव जीत गए परन्तु कांग्रेस के कई मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तो वहीं भाजपा के नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ सहित कई बड़े चेहरे विधानसभा नहीं पहुंच पाए। वहीं कांग्रेस सरकार के मंत्रिमंडल के 26 सदस्यों में से 17 मंत्रियों को हार का सामना करना पड़ा है ।



हार के बाद अशोक गहलोत ने कहा कि हम हमारी योजनाओं का सही मायने में प्रचार नहीं कर सके, इससे हमारी उम्मीद के मुताबिक परिणाम नहीं आए । राजस्थान में विकास कार्यों के नाम पर वोटिंग नहीं आई । कुछ टिकट वितरण में गलतियां हुई । आगामी भूमिका लेकर कहा कि वह पहले भी कह चुके हैं की अंतिम सांस तक काम करते रहेंगे । प्रदेशवासियों के बीच उनकी सेवा करूंगा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीत के बाद कहा कि जनता का भरोसा सिर्फ और सिर्फ सुशासन और विकास की राजनीति में है,उनका भरोसा बीजेपी में है। हम विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं । हमें ना रुकना है, ना थकना है, भारत को विजयी बनाना है ।

### चुनाव परिणाम

**राजस्थान (कुल सीटें 199)**
भाजपा 115
कांग्रेस 69
अन्य 15

**मध्य प्रदेश (कुल सीटें 230)**
भाजपा 163
कांग्रेस 66
अन्य 1

**छत्तीसगढ़ (कुल सीटें 90)**
भाजपा 54
कांग्रेस 35
अन्य 1

**तेलंगाना (कुल सीटें 119)**
कांग्रेस 64
बीआरएस 39
अन्य 16

### सबसे बुजुर्ग



86 वर्षीय किशनगढ़बास विधानसभा क्षेत्र से जीते दीपचंद खेरिया 86 वर्ष के हैं । पिछला चुनाव बसपा के टिकट पर लड़े और बाद में वह कांग्रेस में शामिल हो गए।

### सबसे बड़ी जीत



विद्याधर नगर जयपुर से भाजपा की दिया कुमारी ने 158516 मत प्राप्त कर कांग्रेस के सीताराम अग्रवाल को 71368 वोटों से हराया।

### सबसे छोटी जीत



कोटपूतली से भाजपा प्रत्याशी हंसराज पटेल ने 67716 मत प्राप्त कर कांग्रेस के राजेंद्र सिंह यादव को 321 वोटों से हराया ।

### सबसे युवा



25 वर्षीय रविंद्र सिंह भाटी चुनाव से ठीक पहले भाजपा में शामिल हुए । टिकट नहीं मिला तो शिव विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीतकर सबसे युवा विधायक बने ।

# चौमूं विधानसभा से कांग्रेस की डॉक्टर शिखा मील बराला ने रचा इतिहास, बनी पहली महिला विधायक



जीत के बाद डॉ.शिखा मील ने कहा कि विनम्रता के साथ काम करके दिखाऊंगी। सभी को प्यार और सम्मान मिल सके ऐसा प्रयास करके दिखाऊंगी ।



हार के बाद भाजपा के रामलाल शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने कमल खिलाने में कसर नहीं छोड़ी है । जन भावनाओं से कभी नहीं हारे हैं । चौमूं की जन समस्याओं का मिलकर समाधान करेंगे ।



### चौमूं विधानसभा में प्रत्याशियों को मिले इतने वोट

| नाम | पार्टी | वोट |
|---|---|---|
| डॉ. शिखा मील बराला | (कांग्रेस) | 85786 |
| रामलाल शर्मा | (भाजपा) | 80051 |
| छुट्टन लाल यादव | (रालोपा) | 42369 |
| कैलाश राज सैनी | (बसपा) | 1399 |
| हेमंत कुमार कुमावत | (आप) | 1051 |
| अशोक चौधरी | (निर्दलीय) | 264 |
| लालाराम चौधरी | (निर्दलीय) | 485 |
| विनोद कुमार गोदारा | (निर्दलीय) | 608 |
| सुनील कुमार यादव | (निर्दलीय) | 603 |

**चौमूं (हमारा वतन)।** आज़ादी के बाद चौमूं विधानसभा में पहली बार कांग्रेस पार्टी ने महिला को टिकट दिया और डॉक्टर शिखा मील बराला पूरी तरह से भरोसे पर खरी उतरी और अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के रामलाल शर्मा को 5695 मतों से हराया । 2013-2018 से लगातार विजयी रहे भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा जीत की हैट्रिक नहीं लगा पाए । डॉक्टर बराला की जीत पर कांग्रेस खेमे में खुशी का माहौल छा गया । निवास स्थान और चुनावी कार्यालय पर समर्थकों ने पटाखे छोड मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया । जयपुर से दोपहर 2:30 बजे रवाना होकर टांटियावास टोल पर पहुंची डॉक्टर शिखा मील बराला का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया । जैतपुरा में समर्थकों ने रैली निकाली ।



# 5 दिसंबर को होगा खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2023-24 का भव्य शुभारंभ

**जयपुर (हमारा वतन)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2023-24 का आयोजन किया जाएगा । राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, जयपुर के मंत्री अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि 5 दिसंबर को दोपहर 2 बजे बाद राजस्थान की प्रमाणित खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थानों के मध्यवर्ती संगठन राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, जयपुर के प्रांगण में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2023-24 का आयोजन किया जाएगा ।

प्रदर्शनी का शुभारम्भ राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ बजाज नगर जयपुर के अध्यक्ष इंदुभूषण गोईल और खादी और ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार के पूर्व सदस्य रामदास शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया जाएगा ।

इस दौरान राजस्थान में निर्मित सभी खादी के वस्त्रों पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी । शुभारंभ पर संस्था उपाध्यक्ष राजेंद्र भंडारी, सहायक मंत्री राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सहायक मंत्री आलम सिंह नेगी, सहायक मंत्री महेश चंद गोयल सहित खादी परिवार के लोग और खादी प्रेमी मौजूद रहेंगे ।

# विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस पर बाल प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**रुड़की (हमारा वतन)** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिझौली में विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस के उपलक्ष में बाल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अबुजर को सुमित्रानंदन पंत, हारिश को सुंदरलाल बहुगुणा, खालिद को मौलाना आजाद, नावेद को सलीम अली तथा निकिता को गौरा देवी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उपखंड शिक्षा अधिकारी मेराज अहमद ने पांचों बच्चों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, पैन और डायरी देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को एक-दूसरे से सीख लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए। जीवन में सफलता के लिए अनुशासन और निरंतर परिश्रम जरूरी है। मेराज अहमद ने बच्चों जीवन में लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने की भी बात कही। कार्यक्रम संयोजक पर्यावरण मित्र शिक्षक अशोक पाल ने बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए छात्रों से शिक्षा के साथ-साथ संस्कारी होने की भी बात कही कहा कि बच्चो को प्रतियोगिताओं में भी रुचि दिखानी चाहिए। उन्होंने बच्चों को विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस के विषय में बताते हुए महत्व समझाया। कहा कि पृथ्वी पर जीवन को बचाए रखने के लिए पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है और इसके लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाया जाना तथा जल संरक्षण बेहद जरूरी है। इसीलिए सभी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाए। अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह और रामनरेश यादव ने भी बच्चों को अनुशासन और निरंतर परिश्रम का पाठ पढ़ाया कहा कि मेहनत करने वाले की कभी हार नहीं होती है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका इसराना ने किया।

इस अवसर पर छात्र अबुजर, हारिश, नावेद, खालिद, आसिफ, मो. अनस, अरमान, शिवम, बंटी, आयुष, नवाजिश, निकिता, सोनम, रचना, सादिया, रहनुमा, कमरजहां, आफरीन, रोहिनी, नूरबानो, नूरफातिमा, मानसी आदि मौजूद रहे।



# दिव्यांग ईश्वरी सूर्यवंशी को भेंट की सिलाई मशीन

**जयपुर (हमारा वतन)** रोटरी क्लब जयपुर के द्वारा रोटरी भवन में दिव्यांग महिला ईश्वरी सूर्यवंशी को रोजगार में सहयोग के लिए एक सिलाई मशीन भेंट की। दिव्यांग रोजगार ट्रस्ट के संस्थापक राहुल मेघवंशी ने बताया कि उनका उद्देश्य दिव्यांगों को रोजगार देना और आत्मनिर्भर बनाना है। इससे उन्हें स्वावलंबन की और आत्मविश्वास बढ़ने का मौका मिलेगा। रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटे उजास चंद जैन ने दिव्यांग ईश्वरी को आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिलाई मशीन का उपयोग करके वे अपने कौशल को और भी मजबूत कर सकते हैं और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। सचिव रोटे पीयूष जैन ने बताया कि रोटरी क्लब के पदाधिकारी के साथ तथा दिव्यांग रोजगार ट्रस्ट की टीम के सदस्य ईश्वरी देवी, मिंटू वर्मा एवं विनोद कुमार बैरवा मौजूद रहे। अंत में सभी ने आशीर्वाद देखकर उज्जवल भविष्य की कामना की।




# दया दृष्टि फाउंडेशन ने जरुरतमंदों को बांटी विभिन्न सामग्री

**जयपुर (हमारा वतन)** दया दृष्टि फाउंडेशन ने सामाजिक सरोकारों की श्रृंखला में प्रोजेक्ट मुस्कान का आयोजन पंखशाला में किया गया। जिसके अंतर्गत अभावग्रस्त दिहाड़ी मजदूरों के लगभग 50 बच्चों के लिए स्टेशनरी, नोट बुक, बिस्किट, स्नैक्स पैकेट व 70 दिहाड़ी मजदूरों को कंबल, वस्त्रों व ऊनी वस्त्रों का सहयोग किया गया। डायरेक्टर शिखा शर्मा ने बच्चों को प्रेरक कहानी सुनाई तथा डायरेक्टर अलका चौधरी ने बच्चों को गेम्स खिलाए। विशिष्ट अतिथि पूर्व मेयर विष्णु लाटा भी इस आयोजन में सहभागी बने तथा बच्चों का उत्साह वर्धन किया। बच्चों की मुस्कान बढ़ाने में डायरेक्टर पूनम खंगारोत, संरक्षक पृथ्वीराज शर्मा, टीम सदस्य हेमशंकर माथुर, अनिल शर्मा, एस एस राठौर, देवेश शर्मा, शितुल शर्मा व अतिथि अपर्णा वाजपेई और सीता रघु व मीना श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम में सहभागी रहकर उत्साह वर्धन किया। फाउंडेशन द्वारा किए गए छोटे-छोटे प्रयासों से हम उन बच्चों के चेहरों पर एक परम् खुशी देख पाते हैं। बच्चों के चेहरे पर अर्जित की गई मुस्कुराहट संस्था के लिए प्रेरणा है। सभी ने एक स्वर में पंखशाला की कविता सक्सेना के हौसले की सराहना की और उन्हें आगे भी सहयोग का वादा किया।

# पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉक्टर त्रिलोक सोनी हुए सम्मानित



**उत्तराखंड (हमारा वतन)** पर्यावरण व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए वृक्षमित्र नाम से मशहूर डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी को श्री गुरु रामराय लक्ष्मण इण्टर कालेज पथरीबाग देहरादून में आयोजित अनु जाति, जन जाति शिक्षक एसोसिएशन गढ़वाल मंडल के शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी में प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। जानकारी के लिए आपको बता दें की डॉ. सोनी वर्तमान में राजकीय इण्टर कालेज मरोड़ा सकलाना में प्रवक्ता भूगोल के पद पर कार्यरत हैं और विगत तीस सालों से जन जन को पौधारोपण व फूलों के गुलदस्ते के बजाय पौधा उपहार में देने के लिए जागरूक कर रहे हैं तथा मेरा पेड़-मेरा दोस्त, मेरा वृक्ष-मेरा मित्र व वृक्ष मित्र अभियान के तहत समाज में लोगो को प्रेरित कर रहे हैं उन्होंने उपहार स्वरूप अतिथियों को तुलसी के पौधे भेंट भी किए। पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी कहते हैं प्रकृति की सेवा ही ईश्वर की सेवा है इसलिए मैं यह कार्य ईश्वर की सेवा समझ कर करता हूं। प्रकृति संरक्षित रहेगी तो हमारे आनेवाली पीढ़ी का भविष्य खुशहाल होगा। कार्यक्रम निदेशक माशि प्रतिनिधि व संयुक्त शिक्षा निदेशक प्राशि रघुनाथ लाल आर्य, फैडरेशन अध्यक्ष करम राम, प्रदेश अध्यक्ष संजय टम्टा, मंडली अध्यक्ष अनूप पाठक, सुरेंद्र ग्वासकोटी, जितेंद्र बुटोइया, सोहन लाल, रघुवीर तोमर, सुनीता कपरवाण, मधु साह, आयुश कोठियाल आदि उपस्थित रहे।



# जयपुर चॉइस अवार्ड 2023 से सम्मानित हुई 101 प्रतिभाएं

**जयपुर (हमारा वतन)** जयपुर चॉइस अवार्ड 2023 का आयोजन होटल ग्रांड सफारी में किया गया जिसमें 101 प्रतिभाएं सम्मानित हुई कार्यक्रम में ब्रांड एम्बेसडर सुनील सिंह तंवर रहे जबकि मुख्य प्रायोजक राजेश सैनी डायरेक्टर जयपुर ग्रीन डेवलपर्स रहे। मुख्य अतिथि सफारी ग्रुप ऑफ होटल के डायरेक्टर पवन गोयल, फिल्म प्रोड्यूसर अमित, विशाल बोकाडिया एवं समाज सेविका राज कंवर राठौर रही। आयोजक राज और राहुल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिप्रा पथ थाना सीआई विनोद सांखला,यूथ लीडर नरसी किराड, डाक्टर सुनील दंड, याया सोसाइटी की डायरेक्टर मधुलिका सिंह, पिंक वूमनिया डायरेक्टर कनु मेहता ,वार्ड पार्षद पवन शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार नवल शर्मा, मानवाधिकार आयोग के बृजेश पाठक, पूजा शर्मा ब्रांड आईकन, सुनीता मीना ब्रांड एम्बेसडर, सुनीता मीणा आशा ब्रांड फेस, नीरजा चौधरी, लाल चन्द कुमावत उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंजीत अरोडा, निशा पारीक, कीर्ति शर्मा, शिव जोशी, पुनीत जांगिड़, सपना जैन, वरिष्ठ पत्रकार अविनाश शर्मा, संपादक राम गोपाल सैनी, कुलदीप गुप्ता, केलाश सुसावट, सोनू अग्रवाल, मनीष जैन, सुनील सैनी, शनाया शर्मा, दीपा शर्मा, उर्मिला जांगिड़, प्रियंका गोयल, सोनिया सिद्धू, किरण शर्मा, अंजू यादव, सुमन बादयाल, सेम ओबेरॉय सहित कई हस्तियों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान पर चर्चा हुई और जागरूकता का संदेश दिया।

# प्रकृति प्रेमी राघव चंद्र नाथ की मेहनत लायी रंग

**त्रिपुरा (हमारा वतन)** प्रकृति प्रेमी राघव चंद्र नाथ की मेहनत रंग लाने लगी है। जी हाँ ! अब उनके द्वारा लगाए गए पेड़ों में फल लगने लगे हैं। राघब चंद्र नाथ हर संडे एक पेड़ जरूर लगाना है स्लोगन के लिए जाने जाते हैं। जानकारी के अनुसार राघव चंद्र नाथ ने 2013 से पेड़ लगाना शुरू किया था और लगाते जा रहे हैं। 27 सितंबर 2020 को उन्होंने हर संडे एक पेड़ जरूर लगाना है स्लोगन दिया था। अब हर जगह हर संडे एक पेड़ जरूर लगाना है स्लोगन से हर संडे को पेड़ लगाया जाता है। राघव चंद्र नाथ हर जिले में जाकर पेड़ लगाने के लिए आह्वान कर रहे हैं।



## जॉब्स-

1. इंडियन एयर फोर्स, पद एएफसीएटी, पद संख्या 327, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2023
2. नॉर्थ सेंट्रल रेलवे प्रयागराज, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 1664, अंतिम तिथि 14 दिसंबर 2023
3. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद कांस्टेबल जीडी, पद संख्या 26146, अंतिम तिथि 28 दिसंबर 2023
4. इंटेलिजेंस ब्यूरो, पद आईबी एग्जीक्यूटिव, पद संख्या 995, अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2023
5. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद सर्कल बेस्ड ऑफिसर, पद संख्या 5280, अंतिम तिथि 12 दिसंबर 2023
6. आइटीबीपी, पद असिस्टेंट कमांडेंट इंजीनियर, पद संख्या 6, अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2023
7. हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन, पद सिविल सर्विसेज, पद संख्या 121, अंतिम तिथि 21 दिसंबर 2023
8. एनआईओएस, पद विभिन्न ग्रुप एबीसी पोस्ट, पद संख्या 62, अंतिम तिथि 21 दिसंबर 2023




# शाहरुख-अक्षय की ये सुपरहिट फिल्में ठुकरा चुकी हैं काजोल, लिस्ट में आमिर खान की 3 इडियट्स भी

करण जौहर का चैट शो कॉफी विद करण, 8वें सीजन तक पहुंच गया है और दर्शकों को पसंद आ रहा है। कॉफी विद करण 8 के लेटेस्ट एपिसोड में काजोल और रानी मुखर्जी पहुंचीं और इस दौरान दोनों ने खूब मस्ती मजाक किया। सोशल मीडिया पर एपिसोड के कई क्लिप्स और किस्से वायरल हो रहे हैं। एपिसोड में काजोल ने उन फिल्मों का भी जिक्र किया, जो उन्होंने रिजेक्ट कर दी थीं। इस लिस्ट में अक्षय कुमार, शाहरुख खान और आमिर खान संग सुपरहिट फिल्में शामिल हैं। कॉफी विद करण 8 के लेटेस्ट एपिसोड में करण जौहर ने काजोल और रानी के साथ रैपिड फायर राउंड खेला। इस दौरान करण ने काजोल से पूछा कि उन फिल्मों के नाम जो उन्होंने रिजेक्ट की लेकिन बाद में हिट हुईं। इस पर काजोल ने कहा कि इस लिस्ट में आमिर खान की 3 इडियट्स, शाहरुख खान की दिल तो पागल है और अक्षय कुमार की मोहरा शामिल है।



**काजोल को नीसा की इंस्टा टिप**-वहीं रानी मुखर्जी से भी करण जौहर ने ये सवाल पूछा तो एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने रिजेक्ट नहीं की लेकिन एक डायरेक्टर ने उनकी डेट्स ब्लॉक कर दी थीं जिसकी वजह से वो आमिर खान की लगान नहीं कर पाईं। इसके साथ ही करण ने काजोल से पूछा कि एक सोशल मीडिया टिप, जो उनकी बेटी नीसा ने उन्हें दी। इस पर काजोल ने कहा कि नीसा की वजह से वो इंस्टाग्राम पर आईं और उन्हें खूब मजा आ रहा है। एपिसोड की शुरुआत में करण जौहर, रानी मुखर्जी और काजोल ने कुछ कुछ होता है का जिक्र किया है। इस दौरान करण ने बताया कि उन्होंने कैसे रानी का फूड कम कर दिया था ताकि वो टीना का रोल प्ले कर सके। बता दें कि करण जौहर की पहली फिल्म कुछ कुछ होता है में काजोल और रानी मुखर्जी लीड रोल में नजर आए थे। गौरतलब है कि कॉफी विद करण 8 में अभी तक दीपिका पादुकोण-रणवीर सिंह, सनी देओल-बॉबी देओल, सारा अली खान-अनन्या पांडे, आलिया भट्ट-करीना कपूर खान नजर आ चुके हैं। वहीं लेटेस्ट एपिसोड में काजोल और रानी मुखर्जी ने शिरकत की। कॉफी विद करण 8 के सभी एपिसोड्स को दर्शकों ने पसंद किया है और खूब फोटोज- वीडियोज वायरल हुए।

# कटरीना कैफ के लिए विकी कौशल ने बदल दी यह आदत, बताया बेचलर होने के बारे में क्या आता है याद?

बॉलीवुड एक्टर विकी कौशल और कटरीना कैफ के करियर का ग्राफ तेजी से ऊपर जा रहा है। कई सुपरहिट फिल्में दे चुके विकी कौशल जहां जल्द ही सैम बहादुर में नजर आएंगे वहीं कटरीना कैफ की फिल्म टाइगर-3 ब्लॉकबस्टर हिट रही है। विकी कौशल और कटरीना कैफ की लव स्टोरी के बारे में फैंस हमेशा और ज्यादा जानना चाहते हैं। सैम बहादुर के प्रमोशन के दौरान विकी कौशल ने अपनी एक ऐसी क्वालिटी के बारे में बताया जो उन्होंने कटरीना कैफ की वजह से खुद में बदली है।



**कटरीना के लिए बदल दी अपनी यह बात**-विकी कौशल अपनी इस क्वालिटी को एक रेड फ्लैग मानते हैं इसलिए शादी के बाद उन्होंने कटरीना के लिए खुद में इस एक चीज को बदला है। विकी कौशल ने कहा, एक जो शिकायत कटरीना को मुझसे हमेशा रहती थी वो यह कि कई बार मैं बहुत जिद्दी हो जाता हूं।

**सिंगल होने के बाद क्या आता है अब याद**-इस बारे में बात करते हुए विकी कौशल ने कहा, यह वो चीज थी जिसमें थोड़ा बदलाव किए जाने की जरूरत थी। विकी से जब पूछा गया कि वो क्या एक चीज है जो अपने सिंगल होने के बारे में वो मिस करते हैं तो उन्होंने कहा- जो मेरी मिस थी वो अब मेरी मिसेज हो गई है। तो सब कुछ ठीक है।विकी कौशल से जब पूछा गया कि उनके अलावा वो कौन सा एक्टर है जो ऑनस्क्रीन कटरीना कैफ के साथ बेस्ट कैमिस्ट्री शेयर करता है। तो उन्होंने अक्षय कुमार का नाम लिया। विकी ने कहा कि उन्हें नमस्ते लंदन बहुत अच्छी लगी थी।



# सर्दी के मौसम में यह पैक सुधारेंगे त्वचा की रंगत

ठंड का मौसम त्वचा से उसकी नमी चुराने लगता है। नतीजा, बेजान त्वचा। सर्दी के मौसम में त्वचा को खास पोषण की जरूरत होती है। त्वचा को यह पोषण प्रदान करने के लिए आपको ब्यूटी पार्लर के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। कुछ खास फेस पैक की मदद से आप ठंड के मौसम में भी अपनी त्वचा की रंगत निखार सकती हैं। आइए जानते है ऐसे फेस पैक के बारे में चेहरे की खोई नमी लौटाने में आपकी मदद कर सकते हैं

**बादाम-शहद फेस पैक-** बादाम और शहद रूखी व सामान्य त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद हैं। सर्दी के मौसम में इनसे तैयार फेस पैक हर तरह की त्वचा के लिए अच्छा माना जाता है। रात में बादाम को दूध में भिगो दें। अगले दिन इसे महीन पीस लें और इसमें शहद, नीबू का रस व गुलाब जल मिला कर पेस्ट तैयार करें। रोजाना चेहरे पर 30 मिनट के लिए लगाएं और हल्के गुनगुने पानी से चेहरे को धो लें। शहद जहां त्वचा को नमी देता है, वहीं बादाम बढ़ती उम्र व त्वचा के दाग-धब्बों पर नियंत्रण लगता है। साथ ही पिसे बादाम को ओट्स या मुल्तानी मिट्टी व दूध के साथ मिलाकर भी फेस पैक बना सकती हैं। फेस पैक को चेहरे पर लगाएं और 30 मिनट बाद आप गीली उंगलियों से 3 से 5 मिनट चेहरे को स्क्रब करें और चेहरा धो लें। एक सप्ताह तक लगातार इस्तेमाल से फर्क नजर आने लगेगा।



**अनार फेस पैक**-त्वचा को हर्बल ट्रीटमेंट से तुरंत चमक देना चाहती हैं तो घर पर ही अनार फेशियल कर सकती हैं। इसके लिए अनार के जूस में चावल का आटा व शहद की कुछ बूंद मिला कर चेहरे को 5 मिनट तक स्क्रब करें। फिर अनार के जूस में ग्लिसरीन व एलोवेरा जेल मिला कर चेहरे पर 40 मिनट मसाज करें। चेहरे को साफ करें और फिर अनार जूस में ओट्स व शहद मिला कर फेस पैक बनाएं और चेहरे पर आधे घंटे के लिए लगा दें। दो सप्ताह में एक बार आप यह फेशियल कर सकती हैं। इससे आपकी त्वचा को पार्लर में किए जाने वाले फेशियल-सी चमक मिलेगी।

**गुलाब व एलोवेरा पैक**-गुलाब की पंखुड़ियां गुणों से भरपूर होती हैं। गुलाब की पंखुड़ियों को पीसकर उसमें एलोवेरा जेल मिलाएं। 15 से 20 मिनट तक चेहरे पर हल्के हाथों से इस पेस्ट का मसाज करें। अब इस पेस्ट में बादाम के तेल की कुछ बूंदें व ब्लैक क्ले मिला कर फेस पैक तैयार करें। चेहरे पर इसे लगा कर 20 मिनट बाद साफ कर लें। एक सप्ताह से दस दिन के भीतर आपको अपनी त्वचा में बदलाव नजर आने लगेगा। रात में सोने के पहले एलोवेरा जेल व गुलाब की पंखुड़ियों का पेस्ट बना कर दाग-धब्बों पर लगाएं। दाग हल्के होंगे और त्वचा में चमक आने के साथ उसकी खूबसूरती भी निखरेगी।

**विटामिन-ई व संतरा फेस मास्क** -ताजे संतरे के छिलके को दूध में मिला कर पीस लें। इसमें विटामिन-ई की कुछ बूंद मिला कर पेस्ट तैयार करें। इसे चेहरे पर फेस मास्क की तरह लगाएं और 20-25 मिनट बाद फेस स्क्रब करते हुए चेहरा धो लें। सर्दी के मौसम में विटामिन-ई त्वचा को नमी देगी और संतरे के छिलके में मौजूद विटामिन-सी व एंटीऑक्सिडेंट्स त्वचा को चमक देने के साथ रंगत भी निखारेंगे।

# हाइपरसोमनिया से पीड़ित हैं तो घबराएं नहीं, ऐसे करें इलाज

क्या आप हर जगह बैठे?बैठे झपकी लेने लगते हैं ? क्या रात्रि में आठ से दस घंटे सोने के बाद भी आपकी नींद पूरी नहीं होती ? क्या आप हरदम सुस्ती महसूस करते हैं और सोने के बहाने ढूंढते हैं ? अगर इन सभी सवालों के जवाब हां हैं तो यह हाइपरसोमनिया के लक्षण हो सकते हैं। बेहतर नींद भले ही अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हो लेकिन जरूरत से ज्यादा सोना भी हेल्थ के लिए अच्छा नहीं माना जाता। इतना ही नहीं, कुछ लोगों को स्लीपिंग डिसआर्डर होता है और उन्हें इसके बारे में पता भी नहीं होता। तो चलिए जानते हैं हाइपरसोमनिया के बारे में?



**क्या है हाइपरसोमनिया ?** हाइपरसोमनिया एक ऐसी स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को हरदम नींद आती है। इतना ही नहीं, वह कोई भी काम करते हुए सो सकते है। जरा सोचिए कि अगर किसी व्यक्ति को कार या बाइक चलाते हुए नींद आ जाए तो यह स्थिति उसके व अन्य लोगों के लिए कितनी घातक होगी। इसके अतिरिक्त इस स्लीप डिसआर्डर में व्यक्ति के भीतर ऊर्जा का स्तर काफी कम होता है। जिसके कारण वह हमेशा ही थकान व सुस्ती का अनुभव करता है।

**होते हैं यह कारण** -हाइपरसोमनिया स्लीप डिसऑर्डर कई कारणों से विकसित होता है। सबसे पहले तो दिन में सोने की आदत कब स्लीप डिसऑर्डर में तब्दील हो जाती है, इसका व्यक्ति को पता ही नहीं चलता। इसके अतिरिक्त रात में ठीक तरह से न सोना, सोते हुए खर्राटे लेना, आवश्यकता से अधिक वजन, किसी ड्रग या अल्कोहल का सेवन, सिर पर चोट लगने या कोई न्यूरोलॉजिकल बीमारी व कुछ खास तरह की दवाईयां व डिप्रेशन आदि भी हाइपरसोमनिया का कारण बनती है।

**ऐसे करें पहचान**-हाइपरसोमनिया की पहचान का सबसे आसान तरीका यह है कि अगर आपको दिन में भी व कभी भी नींद आने लग जाए तो समझ जाइए कि अब डॉक्टर से मिलने का वक्त आ गया है। आप डॉक्टर से मिलने पर अपनी स्लीपिंग रूटीन के बारे में बताएं।



# इस मौसम में आता है बुखार, ऐसे करें बचाव

सर्दी का मौसम बीमारियों का मौसम कहलाता है। इस मौसम में डेंगू और चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारियां सिर उठाने लगती हैं। ऐसे में इन बीमारियों से बचाव के लिए उपयोगी जड़ी-बूटियों के बारे में जानकारी जरूरी है। **गिलोय :** गिलोय भारत में व्यापक रूप से पैदा होने वाली औषधि है। इसे सामान्य तौर पर डेंगू और चिकनगुनिया बुखार में लेने को कहा जाता है। गिलोय, संक्रमण का मुकाबला करने के लिए शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली और चयापचय (मेटाबॉलिज्म) क्षमता को बढ़ाता है।

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

\- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# आसानी से कहां मिलती यह शोहरत और बुलंदी

एक बेहतर लोकतंत्र, तरक्कीपसंद समाज और परिपक्व परिवार को परखने की बुनियादी कसौटी क्या है? यह कसौटी है, उसके हरेक सदस्य को सभ्यता के दायरे में कटु से कटु बात भी कहने की आजादी! मगर दुर्योग से कमजोर समाजों में इस पर हर समय खतरा मंडराता रहता है और इसके लिए हरेक दौर में आपको लड़ना पड़ता है। याद कीजिए, किस दशक में रघुवीर सहाय ने लिखा था- कुछ होगा, कुछ होगा अगर मैं बोलूंगा/ न टूटे न टूटे तिलिस्म सत्ता का मेरे अंदर एक कायर टूटेगा...। यह साहस हरेक युग को चाहिए। एक ऐसे ही साहसी कलाकार हैं वीर दास, जिन्हें हाल में प्रतिष्ठित एमी अवॉर्ड से नवाजा गया है।साल 1979 की वह 31 मई थी, जिस दिन वीर ने इस दुनिया में पहली बार आंखें खोलीं।


राम गोपाल सैनी

कुदरत ने उनके लिए देहरादून शहर और रानू व मधुर दास का आंगन चुना था। वीर से पहले उनकी जिंदगी में बेटी तृषा आ चुकी थी। संपन्न परिवार था। रानू दास एक बड़े पॉल्ट्री फार्म में मैनेजर थे और मां देहरादून में शिक्षिका थीं। ददिहाल और ननिहाल में तो सरकारी मुलाजिमों की लंबी-चौड़ी फौज थी। ऐसे में, पिता को जब लागोस (नाइजीरिया) की एक खाद्य एवं प्रसंस्करण कंपनी से नौकरी का प्रस्ताव मिला, तो वह इस रोमांचक मौके का मोह त्याग न सके और पूरे परिवार के साथ नाइजीरिया चले गए। वीर तब बमुश्किल एक साल के थे। वीर दास का बचपन नाइजीरिया में ही बीता। जब स्कूल जाने की उम्र हुई, तो लागोस स्थित 'इंडियन लैंग्वेज स्कूल' में दाखिला करा दिया गया। मगर मां चूंकि खुद एक शिक्षिका रह चुकी थीं, वहां की शिक्षा को लेकर वह बहुत मुत्मइन नहीं हो सकीं। लिहाजा, अभिभावकों ने फैसला किया कि वीर को अपने देश के ही किसी बोर्डिंग स्कूल में भेजा जाए। वीर तब नौ साल के थे। वह लॉरेंस स्कूल, सनावर (हिमाचल) आ गए। वीर का पढ़ाई में बहुत मन नहीं लगता था, अलबत्ता दूसरी सांस्कृतिक गतिविधियों में वह बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे।

# यूईएम जयपुर में आयोजित हुआ छात्रवृत्ति समारोह



**जयपुर (हमारा वतन)** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट यूईएम जयपुर सभागार में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट और फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रमों के सैकड़ों को छात्रवृत्ति के चेक सौंपे गए। विद्यार्थी वर्तमान सत्र के लिए अपनी छात्रवृत्ति प्राप्त करने के बाद बहुत खुश देखे गए। प्रोफेसर डॉ. विश्वजॉय चटर्जी कुलपति, प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा रजिस्ट्रार, प्रोफेसर डॉ. अनिरुद्ध मुखर्जी डीन सहित विभागों के प्रमुखों ने छात्रों को छात्रवृत्ति चेक, रैंक कार्ड और प्रमाण पत्र सौंपे। यूनिवर्सिटी उप निदेशक प्रोजेक्ट संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया की विभिन्न कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों के 300 से अधिक छात्रों के बीच 56 लाख रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की गई। यूईएम जयपुर परीक्षाओं और एनपीटीईएल प्रमाण पत्रों में अकादमिक प्रदर्शन के आधार पर छात्रवृत्ति प्रदान करता है। इसके अलावा, विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले और नवीन परियोजनाएं बनाने वाले छात्रों को भी छात्रवृत्ति मिलती है। राजस्थान की छात्राओं को भी 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में उनके अच्छे प्रदर्शन के आधार पर विशेष छात्रवृत्ति दी गई। पिछली बार आयोजित मुख्य परीक्षाओं में अपने संबंधित पाठ्यक्रमों में शीर्ष 10 प्रतिशत में रहने के लिए 200 से अधिक छात्रों को उनके रैंक कार्ड सौंपकर सम्मानित किया गया। यूईएम जयपुर के कुलपति प्रोफेसर डॉ. विश्वजॉय चटर्जी ने बताया कि विश्वविद्यालय हमेशा हर प्रकार के छात्रों को कई छात्रवृत्तियां प्रदान करके छात्रों को अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक विश्वविद्यालय विभिन्न श्रेणियों में छात्रों को 7 करोड़ से अधिक की छात्रवृत्ति वितरित कर चुका है। प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा रजिस्ट्रार ने छात्रवृत्ति और रैंक कार्ड प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को बधाई दी और उन्हें भविष्य में भी अपने जीवन में इसी भावना के साथ बने रहने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर डॉ. अनिरुद्ध मुखर्जी डीन ने प्रत्येक छात्र के जीवन में अच्छी शिक्षा के महत्व को विस्तार से बताया और सभी छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को बधाई दी। कार्यक्रम में प्रोफेसर आशुतोष गौतम- एडमिशन मैनेजर, एडमिशन विभाग से महेश जाट, बाबूलाल शर्मा, विष्णु जगाका, श्याम प्रताप, अभिषेक शर्मा ने इस कार्यक्रम का संचालन किया। प्रोफेसर डॉ. मृणाल कांति सरकार एचओडी सीएसई विभाग, प्रोफेसर डॉ. प्रीति शर्मा एचओडी प्रबंधन, प्रोफेसर डॉ. उमेश गुरनानी विभागाध्यक्ष मैकेनिकल भी अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम की मेजबानी और संचालन प्रोफेसर ऋषिता दास ने की।

विश्व एड्स दिवस

# एड्स पर नियंत्रण के लिए बढ़ाई जाएगी सामुदायिक सहभागिता

जयपुर(नि.सं.)। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन सभागार में राजस्थान एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर थे। निदेशक एड्स डॉ. सुशील कुमार परमार ने अध्यक्षता की। इस दौरान प्रदेशभर में एड्स नियंत्रण एवं जागरूकता कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों, संस्थाओं एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। निदेशक जनस्वास्थ्य ने कहा कि इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम ''लेट कम्यूनिटीज लीड'' निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य एड्स कन्ट्रोल कार्यक्रम में सामुदायिक सहभागिता बढ़ाना है। उन्होंने सभी संस्थाओं एवं कार्मिकों से इस बीमारी से पीड़ित लोगों के उपचार, उनके अधिकारों की रक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण देखभाल का संकल्प लेने की अपील की। डॉ. माथुर ने बताया कि वर्तमान में राजस्थान में एचआईवी से संक्रमित लगभग 59 हजार लोग उपचार ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के एचआईवी संक्रमित होने पर उसकी प्राइवेसी और आमजन की नकारात्मक सोच एक चिंता का विषय रहता है। उन्होंने इसके लिए विशेष जागरूकता अभियान संचालित करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही एड्स पीड़ित व्यक्ति के परिजनों की भी स्क्रीनिंग एवं जांच करवाने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

# कल मनाया जाएगा भैरव जन्मोत्सव



**जयपुर (हमारा वतन)** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने बताया कि पूरे भारत में भैरव जन्मोत्सव कल 5 दिसंबर को मनाया जाएगा। पंडित रविन्द्राचार्य ने बताया कि भैरव जी की उत्पत्ति शिवजी के भृकुटी से हुई है। भैरव 52 प्रकार के होते हैं। भेरुजी के गुलाब की माला, लौंग, पतासे, कंगन, कचोरी प्रसाद लगाने से और भैरव नामावली पाठ करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है। मीठी रोटी बनाकर भैरू वाहन स्वान को खिलाएं इससे शत्रु पर विजय प्राप्त होती है। शनि की साढेसाती से निजात पाने के लिए भैरू दीपदान कराये और ओम श्रीम बटुक भैरवाय नमः के जाप करें। पंडित रविन्द्राचार्य ने बताया कि रिंगस भेरूजी के जन्मोत्सव पर भेरुजी का श्रृंगार विशेष होता है और मावे के केक का भोग लगाकर भक्तों को बांटा जाता है।

# 24 दिसंबर को जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन का होगा आयोजन

## पूर्ण भरे हुए फॉर्म 10 दिसंबर तक हो सकेंगे जमा

जयपुर(नि.सं.)। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन की ओर से समाज की बेटी समाज में स्लोगन के आधार पर 24 दिसंबर रविवार को जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। पूर्ण भरे हुए फॉर्म 10 दिसंबर तक जमा हो सकेंगे। इंदौर में होने वाले इस परिचय सम्मेलन में आप अपने उच्च शिक्षित, सामान्य शिक्षित, प्रोफेशनल, व्यवसाई, सरकारी सेवारत पुत्र, पुत्री हेतु योग्य जीवन साथी चुन सकते है। यहां आकर आपको जैन समाज की सभी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं , ग्रुपों से जुड़े परिवारों से प्राप्त उनके विवाह योग्य पुत्र - पुत्री का विशाल बायोडाटा संग्रह में से योग्य चयन का मौका प्राप्त होगा। अंतर्राष्ट्रीय जैन युवक-युवती सम्मेलन के मुख्य सूत्रधार यशकमल अजमेरा ने बताया कि सम्मेलन में परिचय हेतु ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनो माध्यम से पंजीकरण करवाया जा सकता है। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु फार्म जयपुर शहर के सतभी जैन मंदिरों में रखा दिए गए हैं, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन संस्था की वेबसाइट www.djsgfint.com पर जाकर कर सकते है। साथ ही सम्मेलन से संबंधित अन्य जानकारी प्राप्त करने हेतु मोबाइल नंबरों 9826030053, 9425348014, 9829220552, 9425022806 पर संपर्क कर सकते हैं। दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन राज. रीजन जयपुर के अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने बताया कि सम्मेलन हेतु रजिस्टर्ड युवक - युवतियों के पूर्ण परिचय कलर फोटो के सहित सम्मेलन की रंगीन स्मारिका में प्रकाशित किये जायेंगे।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
Monika Printers
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर/पम्पलेट | बिल-बुक | लैटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है।
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूँ शहर होगा